## सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड अंतर्गत कुछ ग्रामों में मलेरिया की भयावह स्थिति

### क्षेत्र को संक्रमित घोषित करें सरकार-सिंहदेव

रायपुर,(आरएनएस)। नेताप्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड अंतर्गत कुछ ग्रामों में मलेरिया के प्रकोप से अवगत कराते हुए मांग है कि मलेरिया से प्रभावित उक्त ग्रामों को संक्रमित घोषित कर वहां स्वास्थ्य सुविधाएं व दवाओं की उचित व्यवस्था की जाए। श्री सिंहदेव ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रदेश के सीमावर्ती एवं आदिवासी बाहुल्य जिले सूरजपुर अंतर्गत विकासखंड ओडगी के ग्राम कलुहा एवं बादनी बिहारपुर व इसके आसपास के क्षेत्र मलेरिया से बुरी तरह संक्रमित हो गये हैं। इस क्षेत्र में विगत दो महिनों के भीतर मलेरिया से लगभग डेढ़ दर्जन लोगों की असामयिक मृत्यु हो चुकी है एवं वर्तमान में मलेरिया से संक्रमित लोगों की संख्या 1300 से अधिक है। इस क्षेत्र की कुल आबादी के 10 प्रतिशत से अधिक लोग मलेरिया से संक्रमित हैं, फलस्वरूप इसे संक्रमित क्षेत्र घोषित किया जाते हुये, यहां चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाओं की विशेष (युद्ध स्तर पर) व्यवस्था तत्काल प्रभाव से हो, ताकि प्रभावित लोगों की उचित व त्वरित ईलाज के माध्यम से जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में संक्रमित व प्रभावित लोगों के खून में हिमोग्लोबिन की कमी पाई जा रही है जिसको दूर करने के लिए स्वास्थ्य अमले द्वारा कैप्सूल वितरण किया जा रहा है किन्तु पर्याप्त जानकारी के अभाव में ग्रामीणजन कैप्सूल का सेवन उसकी निर्धारित मात्रा के अनुसार नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में प्रभावित लोगों को कैप्सूल की बजाए टॉनिक/सीरप दिया जाना सुविधाजन्य होगा। श्री सिंहदेव ने कहा कि वे स्वयं उक्त क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया है। स्थिति काफी संवेदनशील है एवं नियंत्रण से बाहर होने की भी संभावना है। अतएवं उपरोक्त परिस्थितियों को अपने संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभावित क्षेत्र को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया जाते हुए क्षेत्र विशेष में पर्याप्त चिकित्सा दवाईयां एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराये जाने के निर्देश शासन स्तर पर जारी करना चाहिए।

## स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लालचौक पर महिला ने 'भारत माता की जय' का लगाया नारा

श्रीनगर,(आरएनएस)। स्वतंत्रता दिवस के मुबारक मौके पर मंगलवार की सुबह बेशक भारतीय जनता युवा मोर्चा का लालचौक में तिरंगा फहराने का संकल्प पूरा नहीं हो पाया। लेकिन लालचौक में फिर भी भारत माता की जय और वंदे मातरम गूंजा। लालचौक और उसके साथ सटे इलाकों में प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए निषेधाज्ञा लगा रखी थी। किसी को भी लालचौक की तरफ आने जाने की इजाजत नहीं थी। सिर्फ पुलिस और सीआरपीएफ के जवान ही नजर आ रहे थे। एतिहासिक लालचौक के घंटाघर पर तिरंगा लहराने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आए भारतीय जनता युवा मोर्चा और राष्ट्रीय निर्माण सेना के कार्यकर्ताओं को बीती रात ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। पुलिस भी आश्वस्त थी कि लालचौक में कोई नहीं आएगा। अचानक एक महिला लालचौक में पहुंच गई। सुनीता अरोड़ा नामक इस महिला ने वहां पहुंच कर वंदे-मातरम, वंदे-मातरम और भारत-माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए। वहां मौजूद पुलिसकर्मी भी सकते में आ गए। महिला ने पुलिसकर्मियों को भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह हमारा फर्ज है। हम हिंदुस्तानी हैं और आज हमें यहां से पाकिस्तान के समर्थकों को जवाब देना है। इसलिए मेरे साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम पुकारो। अलबत्ता, पुलिस कर्मियों ने महिला की बात पर अमल तो नहीं किया। लेकिन जल्द ही उसे पकड़ कर वहां से निकटवर्ती पुलिस स्टेशन में ले गए। देर शाम गए महिला को रिहा कर दिया गया।

## सूने मकान से हजारों रूपए के जेवर पार

रायपुर,(आरएनएस)। महामाया विहार न्यू गायत्री नगर तेलीबांधा स्थित सूने मकान का सांकल खोलकर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सचिन जैन पिता के.डी.जैन 37 वर्ष महामाया विहार न्यू गायत्री नगर तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि 12 से 14 अगस्त के मध्य अज्ञात चोर ने घर के पीछे दरवाजा का सांकल खोलकर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने का टॉप्स, चांदी का सिक्का व मोबाईल गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 20 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## महिला के खाते से 22229 रूपए पार, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर,(आरएनएस)। एक महिला के आईडीबीआई बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने 22229 रूपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रद्धा थवाईत पति रवि नेताम 38 वर्ष पंकज विक्रम अपार्टमेंट सिविल लाईन की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने 12 अगस्त 2017 को प्रार्थिया के खाते से 6 बार में कुल 22229 रूपए पार कर दिया। जब मैसेज आया तो जानकारी मिली। शिकायत पर सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

# रोहित वेमुला की जांच रिपोर्ट में सामने आई मौत का सच

नई दिल्ली,(आरएनएस)। हैदराबाद यूनिवर्सिटी के छात्र रोहित वेमुला के आत्महत्या मामले में जांच आयोग की एक रिपोर्ट सामने आई है। इसमें खुलासा किया गया है कि रोहित ने कॉलेज प्रशासन से तंग आकर अपनी जान नहीं दी थी, बल्कि निजी कारणों से परेशान होकर उसने आत्महत्या की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित व्यक्तिगत तौर पर परेशान था और कई वजहों से खुश नहीं था। रिपोर्ट के अनुसार, रोहित ने अपने सुसाइड नोट में किसी को भी अपनी मौत के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया है। सुसाइड नोट से साफ है कि उसकी अपनी खुद की कई समस्याएं थीं और वह अपनी जिंदगी से नाखुश था। सुसाइड नोट में कथित तौर पर रोहित ने यह भी लिखा है कि वह बचपन में अकेला रहता था और उसको सब नाकाबिल समझते थे। गौरतलब है कि यह रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने दी है, जिसमें इलाहबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस ए के रूपनवाल शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि तात्कालिक मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी और भाजपा नेता बंडारू दत्तात्रेय का रोहित की मौत से कोई लेना-देना नहीं था। रोहित की आत्महत्या के बाद भाजपा नेताओं का नाम सामने आया था। कहा ÷या था कि भाजपा नेताओं के दबाव में आकर ही कॉलेज प्रशासन ने रोहित के खिलाफ कार्रवाई की थी, मगर रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर रोहित कॉलेज की कार्रवाई से दुखी होता तो सुसाइड नोट में इस बात का जरूर जिक्र करता। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रोहित दलित नहीं था। हालांकि रोहित की आत्महत्या के बाद प्रदर्शन कर रहे संगठनों की तरफसे उसको लगातार दलित बताया जाता रहा था। मगर रिपोर्ट के अनुसार, वह अति पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से था। उसके पिता वी. मणिकुमार बडेरा समुदाय से थे। हालांकि मां ने तर्क दिया कि वह माला समुदाय से है जो अनुसूचित जाति के तहत आता है। पति से तलाक के बाद वह वेमुला को लेकर अलग रहने लगी, मगर वह अपनी जाति के पक्ष में तथ्य प्रस्तुत नहीं कर पाई। आपको बता दें कि रोहित ने 17 जनवरी, 2016 को हॉस्टल के कमरे में आत्महत्या कर ली थी। इससे पहले उसपर एबीवीपी के एक छात्र नेता को पीटने का आरोप लगा था। जिसके बाद नवंबर, 2015 में रोहित समेत पांच छात्रों को निष्कासित कर दिया गया था।

## गोगांव में आधा दर्जन जुआरियों से 26820 रूपए जब्त

रायपुर,(आरएनएस)। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के गोगांव में सार्वजनिक स्थान पर खुलेआम जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने धरदबोचा। आरोपियों के कब्जे से 26 हजार 820 रूपए व ताशपत्ती जब्त किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर गोगांव के बसंत विहार में दबिश दी गई। यहां आधा दर्जन लोग सार्वजनिक स्थान पर बैठकर खुलेआम जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी जुआरियों को धरदबोचा। पकड़े गए जुआरियों में धर्मेन्द्र सिंह पिता रामकरण सिंह 42 वर्ष निवासी उलवर्थ कालोनी सरोरा उरला, तिरथ साहु पिता किशुन साहु 28 साल निवासी सरोरा उरला, मुकेश पिता भुनेश्वर चक्रधरी 19 साल निवासी सत्यनारायणपारा डीडीनगर, दयाल पिता भरोसा दास मानिकपुरी 35 साल निवासी बुधवारी बाजार बीरगांव, अरविंद पिता सत्य नारायण सिंह 36 वर्ष निवासी कैलाश नगर बीरगांव तथा राजेश पिता गजाधर मारकण्डे 28 वर्ष निवासी गोंदवारा खमतराई शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से तास पत्ती के साथ ही नगदी 26820 रूपए जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## जम्मू कश्मीर की लद्दाख में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दोनों तरफसे हुई पत्थरबाजी

लेह,(आरएनएस)। डोकलाम विवाद के बीच भारत के 71वें स्वतंत्रता दिवस पर चीनी सेना ने सीमा लांघी है। हालांकि भारतीय जवानों ने चीनी सैनिकों की जम्मू और कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर दिया। लद्दाख की प्रसिद्ध झील पैंगगांग के तटवर्ती रास्ते से चीनी सैनिक दो दफा घुस आये थे। इस पर भारतीय प्रतिरोध के दौरान दोनों ओर से हुई पत्थरबाजी में दोनों तरफ के सैनिक मामूली रूप से घायल हो गये। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सैनिक मंगलवार की सुबह दो तरफसे भारतीय सीमा में घुस आए। लद्दाख के सामरिक महत्व के क्षेत्र फिंगर-4 और फिंगर-5 इलाकों में चीनी घुसपैठ तड़के सुबह छह बजे और फिर नौ बजे हुई। लेकिन दोनों ही मौकों पर पहले से सतर्क भारतीय सुरक्षा बलों ने उन्हें पीछे खदेड़ दिया। जब चीनी सेना ने देखा कि भारतीय सैनिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर उनका आगे बढ़ने का रास्ता रोक दिया है। उन्होंने भारतीय सैनिकों पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिये। इसके बाद भारतीय जवानों ने भी पत्थरबाजी करके मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों देशों के जवानों के घायल होने के बाद हालात पर काबू पाने के लिये परंपरागत बैनर ड्रिल की गई। इसके तहत दोनों सेनाओं ने अपना-अपना स्थान ले लिया। दरअसल भारत के स्वतंत्रता दिवस पर चीन की यह गुस्ताखी और भी नागवार गुजरी है। चीनी सुरक्षा बल पहले झील के उत्तरी और दक्षिणी इलाके से घुसपैठ की कोशिशें करते रहे हैं। लेकिन लद्दाख के भारतीय क्षेत्र फिंगर-4 पर अपना दावा ठोंकने वाली चीनी सेना ने कई बरसों में पहली बार घुसपैठ के लिये यह रास्ता चुना। 90 के दशक के आखिर में जब भारत पक्ष ने अपने दावे पर बातचीत शुरू की तो चीनी सेना ने वहां एक सड़क बना डाली और दावा किया कि वह अक्साई चिन का हिस्सा है। चीन ने फिंगर-4 पर जो सड़क बनाई है वह सिरी जाप क्षेत्र में खत्म होती है जो भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पांच किलोमीटर अंदर आकर खत्म होती है। इधर, चीन की इस घुसपैठ के संबंध में नई दिल्ली में सेना के प्रवक्ता ने फिलहाल टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया है। गौरतलब है कि खूबसूरत पैंगगांग झील का 45 किलोमीटर तक फैला हिस्सा भारत में आता है जबकि 90 किलोमीटर का हिस्सा चीन के नियंत्रण वाले तिब्बत में आता है।

**नाथूला में खिलाई मिठाई**

भारतीय और चीनी सेना की डोकलाम में तनातनी के बावजूद यहां से 25 किलोमीटर दूर नाथूला में भारत के स्वतंत्रता दिवस पर दोनों तरफ के सैन्य अफसरों ने अनौपचारिक रूप से एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं। हालांकि भारतीय सेना और आइटीबीपी के जवानों ने कोई पारंपरिक समारोह नहीं किया। इससे पहले, भारत के स्वतंत्रता दिवस पर दोनों पक्षों के बीच एक सेरीमोनियल मीटिंग होती थी। सिक्किम की 220.7 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा चीन से लगी हुई है। नेपाल से 95.6 किमी, भूटान से 32 किमी लगी हुई है।

## एनआईए की कार्रवाई, आतंकी फंडिंग मामले में कई जगह छापेमारी

श्रीनगर,(आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर स्थित अलगाववादी नेताओं के खिलाफ आतंकी फंडिंग मामले में कड़ा रुख अपनाया हुआ है। इसी सिलसिल में एनआईए की टीम ने ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में 12 जगह छापेमारी की है। जिसमें श्रीनगर, हंदवाड़ा, बारामूला में छापेमारी की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रीनगर में कारोबारी के दो ठिकानों पर छापेमारी की गई है। छापेमारी अब अभी भी जारी है। आपको बता दें कि आतंकी फंडिंग मामले में एनआईए की टीम अब तक कई अलगाववादी नेताओं को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर चुकी है। एनआईए ने करीब 20 दिनों तक अलगाववादी नेताओं से पूछताछ की थी। पूछताछ में कई सनसनीखेज खुलासे हुए हैं, जिसको लेकर एनआईए की जांच जारी है। पिछली सुनवाई में हुर्रियत नेता गिलानी के दामाद अल्ताफ फंटूश समेत मेहराजुद्दीन कलवाल, पीर सैफगाह और नईम खान को कोर्ट ने 28 अगस्त तक के लिए तिहाड़ जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि कश्मीर में टेरर फंडिंग को लेकर कुल 7 अलगाववादी नेताओं को पिछले महीने एनआईए की टीम ने गिरफ्तार किया था। इनमें से तीन नेताओं से लगातार 10 दिन तक एनआईए ने पूछताछ की। एनआईए इन्हीं नेताओं से आगे भी पूछताछ करना चाहती थी। लिहाजा, कोर्ट ने बीते 4 अगस्त को तीन नेताओं को 30 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। एनआईए ने कोर्ट में दलील दी कि जब से इनकी गिरफ्तारी हुई है, घाटी में पत्थरबाजी की घटनाओं में खासा कमी आई है। आतंकियों फंडिंग मामले में अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के बड़े बेटे और पेशे से डॉक्टर नईम और छोटे बेटे नसीम से एनआईए की टीम ने (08 अगस्त) मंगलवार को पूछताछ की है। नसीम कश्मीर स्थित कृषि विश्वविद्यालय में कार्यरत है। मामले के तार जमात उद-दावा प्रमुख और मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज मुहम्मद सईद से भी जुड़े हैं। नईम को अलगाववादी संगठन तहरीक-ए-हुर्रियत का स्वभाविक उत्तराधिकारी माना जा रहा है। इसके तार पाकिस्तान स्थित कट्टरपंथी गुटों से भी जुड़े हैं। गिलानी बंधु (08 अगस्त) मंगलवार सुबह तकरीबन 11 बजे एनआईए मुख्यालय पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि उनसे घंटों पूछताछ हुई। इससे पहले नईम को 27 जुलाई और एक अगस्त को तलब किया गया था। वहीं, नसीम को 2 अगस्त को पूछताछ के लिए हाजिर होने का नोटिस भेजा गया था। दोनों अब तक एनआईए के समक्ष पेश होने से बचते रहे थे। बता दें कि एनआइए ने इस मामले में 30 मई को केस दर्ज किया था। इसमें कश्मीर घाटी में सक्रिय अल÷ाववादी नेताओं पर आतंकी संगठनों से जुड़े होने का आरोप लगाया गया है। हाफिज सईद का नाम भी आरोपी के तौर पर शामिल है। एफआइआर में अलगाववादी नेताओं द्वारा जम्मू-कश्मीर राज्य में अलगाववाद और आतंकी गतिविधियों को संचालित करने के लिए हवाला समेत अन्य अवैध तरीकों से धन जुटाने की बात कही गई है। एनआईए ने सुरक्षाबलों के खिलाफ पत्थरबाजी, स्कूलों में आगजनी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना और भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसे संगीन आरोप भी लगाए हैं। एनआईए ने आतंकी फंडिंग से जुड़े तार खंगालने के लिए हरियाणा और दिल्ली समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है। घाटी में आतंकियों के सिर उठाने के बाद यह पहला मौका है, जब केंद्रीय जांच एजेंसी ने अलगाववादी नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए छापे मारे हैं। इस मामले में शब्बीर शाह और गिलानी के दामाद अल्ताफ अहमद शाह को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## इंदिरा कैंटीन में दस रुपये में मिलेगा खाना

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कर्नाटक को भूख से बचाने और श्रमिक वर्ग, गरीब प्रवासियों को सस्ती दरों पर भोजन मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को घोषणा की है कि राज्य सरकार बुधवार से समूचे बंगलुरु में इंदिरा कैंटीन शुरू करेगी। इस योजना की लॉन्चिंग कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी करेंगे। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि मुझे यह घोषणा करने में खुशी हो रही है कि बुधवार से बेंगलुरु में इंदिरा कैंटीन खुलने जा रही है, जहां हर दिन शहर के श्रमिक और गरीब प्रवासी सस्ते में भोजन करेंगे। इंदिरा कैंटीन में लोगो को महज 10 रुपए में भरपेट खाना मिलेगा। शुरुआत में 101 कैंटीन खोले जाएंगे, जहां हर दिन 5 रुपये में शाकाहारी नाश्ता और 10 रुपये में दोपहर का खाना और रात का खाना मुहैया कराएंगे। मुख्यमंत्री के पास ही वित्त मंत्रालय है, उन्होंने चालू वित्त वर्ष (2017-18) में सभी 198 वार्डों में पड़ोसी राज्य तमिलनाडु की अम्मा कैंटीन की तर्ज पर कैंटीन चलाने के लिए बजट में प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य कर्नाटक को भूख मुक्त बनाना है। राज्य में हर महीने गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को 'अन्न भाग्य योजना' के तहत 7 किलोग्राम चावल मुफ्त में दिया जा रहा है, ताकि वे दो वक्त खाना खा सकें।

## नक्सली विस्फोट में एक जवान घायल

जगदलपुर,(आरएनएस)। सुकमा जिले में नक्सलियों द्वारा आज किए गए बारूदी सुरंग के विस्फोट से एक जवान घायल हो गया। विस्फोट के बाद दोनों ओर से गोली बारी हुई, घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए जगदलपुर मेडिकल कालेज लाया जा रहा है। सुकमा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने बताया कि पुलबगड़ी थाना क्षेत्र से कल स्पेशल टास्कफोर्स और जिला आरक्षित बल संयुक्त रूप से गश्त पर निकला था। आज जब जवान वापस लौट रहे थे परिया जंगल के पास घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस बल पर विस्फोट किया, दोनों ओर से गोलीबारी हुई जिसमें जिला आरक्षित बल का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया।

# विज्ञान समाचार Science News

## दुनिया के किसी भी कोने में होए यहां देखें ऑनलाइन सूर्य ग्रहण



**न्यूयॉर्क:** 99 साल बाद 21 अगस्त को पूर्ण सूर्य ग्रहण का संयोग बन रहा है और इसे देखने के लिए सभी लोग काफी उत्साहित हैं, हालांकि ये सूर्य ग्रहण अमेरिका में दिखाई देगा, लेकिन इस खगोलीय घटना को दुनिया को दिखाने के लिए नासा ने पूरी तैयारियां कर ली है, खगोलशास्त्रियों और विशेषज्ञों की टीम इसका विस्तृत अध्ययन करने में जुट गए हैं। भारत में ये घटना आपको नहीं दिखेगी लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि नासा अपने यूट्यूब चैनल पर सूर्य ग्रहण को लाइव दिखा रहा हैण् इसके अलावा इस पर खगोल विज्ञानी इस सूर्य ग्रहण के बारे में विस्तार से बताएंगे, नासा ने इसे सरलता से समझाने के लिए एनिमेशन का भी सहारा भी लिया है। नासा इसके लिए 12 जगहों से सूर्य ग्रहण का लाइव प्रसारण करेगा, इसके लिए नासा रिसर्च प्लेन, गुब्बारे और सैटेलाइट का सहारा ले रहा है, इस दूसरे सूर्य ग्रहण की अवधि 5 घंटे 18 मिनट रहेगी। भारतीय समयानुसार रात 10:16 से मंगलवार 22.08.17 रात 02: 34 के मध्य भूगोल पर दिखाई देगा। यह ग्रहण यूरोप, उत्तरपूर्व एशिया, उत्तर पश्चिम अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका में पश्चिम, दक्षिण अमेरिका, प्रशांत, अटलांटिक, आर्कटिक की ज्यादातर हिस्सों में दिखेगा।

## सबसे छोटा सर्जिकल रोबोट वर्सियस

लंदन : हूबहू मनुष्यों के बाजू की तरह दिखने वाला यह सर्जिकल रोबोट लैप्रोस्कोपिक विधि से की जाने वाली विभिन्न तरह की सर्जरी कर सकता हैए जिसमें हॉर्निया का ऑपरेशनए कोलोरेक्टल ऑपरेशनए प्रोस्टेट ग्रंथि के अलावा नाकए कान एवं गले का ऑपरेशन भी शामिल है। वैज्ञानिकों ने शल्य चिकित्सा करने में सक्षम दुनिया के सबसे छोटे रोबोट को विकसित करने में सफलता हासिल की है। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने शल्य चिकित्सा करने में सक्षम दुनिया के सबसे छोटे रोबोट को विकसित करने में सफलता हासिल की है।

## एटीएम ब्लाक होने का झांसा देकर महिला के खाते से किया 10 हजार पार

रायपुर,(आरएनएस)। अज्ञात व्यक्ति ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताते हुए एक महिला को एटीएम ब्लाक होने का झांसा देकर उसके खाते से 10 हजार रूपए आहरण कर लिया।

प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लक्ष्मण विश्वकर्मा पिता बिसहत विश्वकर्मा 37 वर्ष नीजामी चौक संजयनगर का रहने वाला है।

बताया जाता है कि 14 अगस्त के सुबह 11 बजे प्रार्थी की पत्नी माधुरी विश्वकर्मा के पास अज्ञात मोबाईल नंबर 82920-99344 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने खुद को दिल्ली हेड ऑफिस का कर्मचारी बताया और महिला से कहा कि आपका एटीएम कार्ड ब्लाक हो रहा है। जिसे चालू रखने के लिए अपना एटीएम कार्ड का पिनकोड नंबर बताओ।

जिससे प्रार्थिया अपनी पंजाब नेशनल बैंक की एटीएम का नंबर बता दिया। जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया के खाते से 10 हजार रूपए पार कर दिया।

प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।